**आकाशवाणी शिमला**

**31.08.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम में देशवासियों को स्वदेशी की बात भूलनी नहीं है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उपहार, कपड़े और सजावट की वही चीजें लें, जो ''मेड इन इंडिया'' हों यानी भारत में बने हों या भारत की सामग्री से तैयार हुए हों। उन्होंने कहा कि जीवन से जुड़ी हर चीज स्वदेशी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून के मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश को कसौटी पर कस रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू–स्खलन का बड़ा कहर देखा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जहां भी संकट आया, वहां लोगों को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा बल सभी दिन–रात जुटे रहे।

## मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों से मॉनसून की भारी वर्षा हो रही है, जिससे अनेक स्थानों पर जनजीवन अस्त–व्यस्त हुआ है। चंबा ज़िले के भरमौर में भूस्खलन के कारण फंसे मणिमहेश यात्रियों को लगातार हो रही भारी वर्षा में निकालने में मुश्किलें आ रही हैं। हालांकि प्रशासन ने यात्रियों को निकालने के लिए बसों और टैक्सियों का प्रबंध किया है और अभी तक लगभग 10 हजार यात्री निकाले जा चुके हैं। अभी भी भरमौर के अनेक स्थानों पर लगभग 4 हजार यात्री बचे हैं जिन्हें प्रशासन द्वारा निकाला जा रहा है। ये सभी यात्री जम्मू कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इधर शिमला में भी भारी वर्षा का दौर जारी है और शिमला के विकास नगर में आज भारी भूस्खलन के कारण दो गाड़ियां मलबे के नीचे दब गईं, हालांकि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने घटना स्थल का दौरा कर बताया कि क्षेत्र में कुछ पेड़ खतरा बने हुए हैं जिन्हें जल्द हटाया जाएगा। प्रदेश में भूस्खलन से 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 19 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक हजार दो सौ 36 बिजली ट्रांसफार्मर और 4 सौ 24 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अनेक ज़िलों में भारी वर्षा की संभावना जताई है।

## कार्य दिवस

चंबा के उपायुक्त व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने जिला में आज रविवार और कल घोषित स्थानीय अवकाश को स्थगित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। ये आदेश लोक निर्माण, विद्युत, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, नगर निगम, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, आयुष, राजस्व तथा अन्य संबद्ध विभागों पर लागू रहेंगे। इस दौरान इन सभी विभागों के फील्ड कर्मचारी आवश्यक सेवाएं बहाली कार्य के लिए ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

## किन्नौर–यातायात

राष्ट्रीय राजमार्ग–05 पर निगुलसरी और नाथपा के भूस्खलन क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। लगातार पत्थर गिरने और भूस्खलन के खतरे को देखते हुए उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने कहा कि यह प्रतिबंध रोजाना रात 8 बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक प्रभावी रहेगा।

## राधाष्टमी

चम्बा जिला की पवित्र मणिमहेश यात्रा आज सम्पन्न हो गई। राधाष्टमी पर पवित्र डल झील में सदियों पुरानी परम्परा इस बार इस प्राकृतिक आपदा के कारण पूरी नहीं हो सकी। इस वर्ष समापन की परम्परा का निर्वहन भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर में किया गया।